राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
अम्बेडकर भवन जी. 3/1, राजमहल रेजीडेन्सी क्षेत्र, जयपुर

क्रमांक एफ 7(2)(1234)/रा.छा./सा.न्या.एवं.अ.वि./26/ दिनांक यथा ई हस्ताक्षरित

–प्रेस विज्ञप्ति–

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय स्तरीय छात्रावासों में वर्ष 2026–27 के लिये दिनांक 27 मई 2026 से ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर अन्तिम तिथि 31.07.2026 नियत की जाती है। छात्रावासों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाईट sso.rajasthan.gov.in पर नवीन प्रवेश पोर्टल SJMS के माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। विभागीय एवं अनुदानित महाविद्यालय स्तरीय छात्रावासों में नवीन प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की

- प्रथम मैरिट सूची – दिनांक 12 जून 2026, (दिनांक 10.06.2026 तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर)
- द्वितीय सूची – दिनांक 24 जून 2026 (दिनांक 22.06.2026 तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर)
- तृतीय सूची – दिनांक 30 जून, 2026, (दिनांक 28.06.2026 तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर)
- चतुर्थ सूची – दिनांक 08 जुलाई 2026 (दिनांक 06.07.2026 तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर)
- पंचम सूची 15, जुलाई 2026 (दिनांक 13.07.2026 तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर) को वरीयता अनुसार जारी की जाएगी।

13 जुलाई 2026 के बाद आवेदन करने वालों को यदि छात्रावास मे रिक्त स्थान रहता है तो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

अंतिम वरीयता सूची जारी करने बाद भी यदि स्थान रिक्त रहते हैं तो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। पूर्व से महाविद्यालय स्तरीय छात्रावासों में प्रवेशित छात्रों को उनकी गत वर्ष की अंकतालिका तथा प्रार्थना पत्र संबंधित छात्रावास अधीक्षक को प्रस्तुत करने पर विभागीय नियमानुसार छात्रावास अधीक्षक द्वारा पोर्टल पर आनॅलाइन कर नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा। छात्रावास प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य सामान्य दिशा–निर्देश का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट http://sje.rajasthan. gov.in पर उपलब्ध है।

(ललित कुमार)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

RajKaj Ref No.:
22405860

Signed by: Lalit Kumar, Director
Date: 2026-05-26 17:08:18 +05:30

v-1.0